**खबर संक्षेप**

### ग्राम खटोला में चल रही है भागवत महापुराण कथा



**भुआबिछिया।** चैत्र नवरात्र के अवसर ग्राम खटोला खेरमाई मंदिर में आयोजित देवी भागवत महापुराण कथा व्यास पंडित रवि कृष्ण महाराज के मुखारविंद से चल रही कथा का रसपान करने हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी पहुंच रहे हैं जिसमें आज बिछिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी कथा में पहुंचकर व्यास पीठ पूजन अर्चन कर महाराज श्री से आशीर्वाद लिए बिछिया नगर के वरिष्ठ समाजसेवी जोश सिंह ठाकुर, प्रदीप गोस्वामी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया, जिला महामंत्री अशोक राजपूत, खटोला मंडलम अध्यक्ष चमन यादव, सेक्टर अध्यक्ष महावीर रक्कू यादव, समाजसेवी दादाभाई विश्वकर्मा एवं हजारों की संख्या में माता रानी के भक्तों की उपस्थिति रही।

### किसान 9 अप्रैल तक करा सकते हैं गेहूँ विक्रय के लिए पंजीयन

**मण्डला।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने हेतु किसान पंजीयन की अवधि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित की गई थी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा किसान पंजीयन की अवधि 9 अप्रैल 2025 तक बढ़ाई गई है। शेष किसान उक्त निर्धारित तिथि तक अपना पंजीयन करा सकते हैं।

**पानी पर हवा से बात, हाउस बोट पर बीतेगी रात**

# झील महोत्सव का शुभारंभ आज से

*** नृत्य नाटिका से होगी नर्मदा की स्तुति।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नर्मदा के मनोरम तट पर आज से जल, नभ और थल पर साहसिक गतिविधियां आरंभ होगी। समाधि रोड से बरबटी मार्ग पर बांध के तट पर आयोजित पंद्रह दिवसीय झील महोत्सव का शुभारंभ मां नर्मदा के पूजन के साथ होगा। फ्लाई-बोट पर पानी और हवा के बीच संतुलन, पानी को चीर कर निकलती मोटर बोट और हाट एयर बलून पर सवार होकर आकाश की सैर पर्यटकों को सम्मोहित करेंगी। पर्यटकों के रात्रि विश्राम के लिए स्विस टेंट भी लगाए गए हैं।



मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड (एमपीटीबी) और जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (जेएटीसीसी) के इस आयोजन का शुभारंभ शाम 4:30 बजे लोक निर्माण विभाग मंत्री श्री राकेश सिंह तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके करेंगी। विशिष्ठ अतिथि के रूप में मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीक, श्री विवेक कृष्ण तन्खा, जबलपुर सांसद श्री आशीष दुबे, विधायक श्री अजय विश्नोई, श्री लखन घनघोरिया, श्री सुशील इंदु तिवारी, श्री अशोक रोहाणी, श्री नीरज सिंह, श्री संतोष बरकडे, डॉ. अभिलाष पांडेय, महापौर श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, जिला पंचायत मंडला अध्यक्ष श्री संजय सिंह कुशराम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया तथा नगर निगम अध्यक्ष श्री रिंकू विज आदि की उपस्थिति में श्रीमती भैरवी विश्वतरूप समूह के कलाकार नृत्य नाटिका के माध्यम से नर्मदा की स्तुति करेंगे।



इसके पूर्व बरगी की अथाह जलराशि में हवा से बातें करती बोट और अलग-अलग ड्राइव करते युवा दिखाई देंगे। शाम को रेन डांस के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां, रात्रि ठहरने हेतु स्विस टेन्ट आदि पर्यटकों को आकर्षित करेंगी। कार्यक्रम में मौके पर जबलपुर कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना तथा मंडला कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा सहित दोनों जिलों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# कॉन्स्टेबल पर 85 लाख रुपए गबन करने का आरोप



*** रिश्तेदारों के खाते में ट्रांसफर किये एरियर के पैसे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला जिले में पुलिस की 35वीं बटालियन में बड़ा वित्तीय घोटाला सामने आया है। बटालियन में कंम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर तैनात कॉन्स्टेबल मनोज पटेल ने करीब 85 लाख रुपए का गबन किया है। पटेल ने 2018 से 2022-23 के बीच कर्मचारियों के एरियर और अन्य भुगतान के पैसे अपने और अपने परिजनों के खातों में ट्रांसफर कर दिए। चार साल तक चली इस हेराफेरी का किसी को पता तक नहीं चला।

मामले का खुलासा आयुक्त कोष और लेखा की जांच में हुआ। विभाग को सूचना मिलते ही आरोपी मनोज पटेल को तत्काल निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उसके बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है। एसपी रजत सकलेचा के अनुसार, ट्रेजरी अधिकारी और बैंक के सहयोग से विभागीय जांच शुरू की गई है।

हैरत की बात यह कि पिछले 05 वर्षो से उक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर किसी के हक की राशि अपने रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर करता रहा और उसके बड़े अधिकारियों को इसकी भनक ही नहीं लगी। पहले तो जिनके हिस्से की राशि उन्हें समय पर नहीं मिली तो निश्चित रूप से उन्होंने उच्चाधिकारियों को शिकायत तो की ही होगी दूसरा यह कि आज के समय में जो भी ट्रांजेक्शन होता है उसका मैसेज संबंधित मोबाईल नम्बर पर आता है क्या सरकारी राशि को किसी के खाते में भेज देने पर अधिकारियों के पास ऐसी सुविधा उपलब्ध नहीं है?



### भुआ बिछिया स्थित श्री राजराजेश्वरी माता जगदंबा के मंदिर में नूतन वर्ष का आयोजन के साथ महाआरती संपन्न



**भुआबिछिया।** महिष्मति सर्व ब्राह्मण समाज (महिला प्रकोष्ठ) के द्वारा ब्राह्मण समाज की समस्त मातृशक्तियों द्वारा दिनांक 03 अप्रैल 2025 दिन गुरुवार को समय रात्रि 08.00 बजे चैत्र शुक्ल नवरात्रि के पंचम दिन श्री राजराजेश्वरी मां जगदंबा के दरबार में सनातन हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में महाआरती का आयोजन किया गया। मंदिर फूलों एवं गुब्बारों से सजाया गया, रंगोली बनाई गई, आरती के लिए रंग बिरंगे दिए सजाये गए। सभी मातशक्तियों एवं नगर के श्रद्धालुजनों द्वारा माँ जगदम्बा की आरती उतारी गई एवम प्रसाद वितरण किया गया। बाद में सभी ने मां जगदंबा के सामने गरबा किया एवं जयकारा लगाए। उक्त महाआरती पूजन अर्चन कार्यक्रम में श्रीमती अरुणा दीक्षित, संगीता गर्ग, श्रीमती संध्या पांडे, श्रीमती शशि मिश्रा, श्रीमती अरुणा तिवारी, श्रीमती पूर्णिमा मिश्रा, श्रीमती मोहिनी गर्ग, रत्ना गर्ग, उषा भट्ट, लक्ष्मी भट्ट, ममता पांडे, रोशनी दुबे, नेहा मिश्रा, ललिता मिश्रा, मीता चौबे, मीनल चौबे, अंजू शुक्ला, योगीता ज्योतिषी, नीता तिवारी, नीता दीक्षित, ज्योति द्विवेदी, नीलम तिवारी, अभिलाषा मिश्रा, आरती उपाध्याय, अंकिता उपाध्याय, अर्चना पाण्डे, मीनू भट्ट, राधा दुबे, सरिता उपाध्याय, नीता दीक्षित, अर्चना मिश्रा, सभी नन्हें बच्चे एवं सर्व सनातन हिन्दू समाज के श्रद्धालुजन, माताएं, बहनें उपस्थित रहीं।

### नगर भाजपा की बैठक हुई संपन्न




**मण्डला।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार नगर भाजपा मण्डला की अतिआवश्यक तथा कामकाजी बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मण्डला में संपन्न हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के शैल चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर मंचासीन पूर्व विधायक श्री देवसिंह सैयाम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर की प्रभारी श्रीमती सुषमा मिश्रा, नवनियुक्त नगर अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत ने आगामी कार्यक्रमों के लिए कार्यकर्ताओं को अपना मार्गदर्शन प्रदान किया। बैठक में नगर अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत ने 6 अप्रैल स्थापना दिवस के अवसर पर शक्ति केंद्रों में होने जा रहे कार्यक्रमों तथा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा का ध्वज लगाना एवं ध्वज के साथ सेल्फी लेना तथा अंबेडकर जयंती कार्यक्रम के बारे में सभी कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन मयंक विश्वकर्मा एवं नगर की उक्त बैठक में उपस्थित नगर कार्यकर्ताओं का आभार एड. सावन चौरसिया ने किया।

**तस्करी** | **अवैध तरीके से 28 भैंसों को भरकर रखा गया था।**

# मवेशी तस्करों की पुलिस ने पकड़ी गाड़ी

*** पुलिस ने की तत्परता से कार्यवाही।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

थाना टिकरिया, जिला मण्डला में मवेशी तस्करी की एक बड़ी घटना का पर्दाफाश हुआ। अवैध तरीके से मवेशी तस्कर 28 भैंसों को क्रूरता से भरकर जबलपुर की ओर ले जा रहे थे, जब थाना टिकरिया पुलिस को इस बारे में जानकारी प्राप्त हुई। थाना प्रभारी गोपाल घोसले ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस स्टाफ को मवेशी तस्करों की गाड़ी का पीछा करने का निर्देश दिया। पुलिस की तत्परता के चलते मवेशी तस्करों की गाड़ी को पकड़कर थाना टिकरिया लाया गया। जांच में पता चला कि गाड़ी में 28 भैंसें क्रूरता से भरी हुई थीं। थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही उन्होंने सब इंस्पेक्टर लक्ष्मी चंद चौधरी, ए.एस.आई. नारायण तराम, ए.एस.आई. कटरे, आरक्षक प्रशांत बघेल, और आरक्षक नेपाल आरक्षक शरद आरक्षक आंसू उपाध्याय सहित पूरी पुलिस टीम के साथ कार्रवाई की। गाड़ी को रोकने पर मवेशी तस्करों के चालक और कर्मचारी थे। उन्होंने पुलिस की कार्यवाही को नकारते हुए गाड़ी से कट मारकर पुलिस को रोकने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उनका पीछा करते हुए कालपी मंदिर के जंगल के पास जाकर गाड़ी को पकड़ लिया और मवेशी तस्करों के खिलाफ कार्यवाही की।मवेशी तस्करों के हौसले को तोड़ने और उनके द्वारा की जा रही अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए थाना टिकरिया पुलिस पूरी तरह से सजग है और लगातार इस तरह की कार्यवाही करती रहती है। थाना प्रभारी ने बताया कि मवेशी तस्करों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि इस अपराध पर पूरी तरह से नियंत्रण पाया जा सके।







## खबर संक्षेप

### एडवोकेट विजय पाण्डेय एवं रजनीकांत मिश्रा नोटरी नियुक्त

**अनूपपुर।** भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय, विधि कार्य विभाग नई दिल्ली द्वारा एडवोकेट विजय पाण्डेय निवासी बरगंवा (अमलाई) तथा एडवोकेट रजनीकांत मिश्रा निवासी वार्ड नंबर 3 देवरी, चचाई, जिला अनूपपुर को नोटरी अधिनियम 1952 (53) के अधीन नोटरी नियुक्त किया है। उन्हें नोटरी के रूप में संपूर्ण अनूपपुर में व्यवसाय करने के लिए 5 वर्ष की अवधि के लिए प्राधिकृत किया गया है। एडवोकेट विजय पाण्डेय तथा एडवोकेट रजनीकांत मिश्रा के नोटरी नियुक्त होने पर जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट संतोष सिंह, सचिव एड रामकुमार राठौर, एड बासुदेव चटर्जी, एड रामनरेश त्रिपाठी, एड संजय शुक्ला, एड आयूषी द्विवेदी, एड पूजा सहित अन्य अधिवक्ता साथीगढ, ईस्ट मित्रों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### एकादशमुखी श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन 12 से 14 अप्रैल तक

**अमलाई।** एकादश मुखी श्री हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन आगामी 12 अप्रैल से 14 अप्रैल तक किया जा रहा चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 12 अप्रैल शनिवार को दिव्य कलश यात्रा (प्रातः 9 बजे से) निकाली जाएगी एवं पंचाग पूजन, देव आवाहन, जलाधिवास, प्रसाद वितरण किया जाएगा। वैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 13 अप्रैल रविवार को पूजन, अन्नाधिवास, देव स्नपन, प्रसाद वितरण एवं वैशाख कृष्ण पक्ष द्वितीया 14 अप्रैल सोमवार को पूजन, प्राण प्रतिष्ठा, हवन एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। यह पुनीत धार्मिक महोत्सव सिद्ध बाबा (ड़ोगरिया) वार्ड नं. 05 नगर परिषद बरगवां अमलाई में आयोजित किया जाएगा। मारुति नंदन सेवा समिति, अमलाई के तत्वाधान में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

### स्वसहायता समूहों के सीएलएफ की बैठकों का हुआ आयोजन

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्व सहायता समूहों के संकुल स्तरीय संगठनों (सीएलएफ) की बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमे निर्धारित एजेन्डे पर चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही का निर्णय लिया गया। बैठकों में जिला कार्यालय तथा विकासखंड कार्यालय के मिशन टीम के सभी सदस्य आवंटित/संबंधित ब्लॉक के सीएलएफ की बैठक में उपस्थित हुए एवं राज्य कार्यालय द्वारा जारी एजेन्डा अनुसार चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिये गये। जिले में समस्त सीएलएफ की बैठक एक नियत एजेंडे पर आयोजित की गई।

### कोतमा पुलिस व्दारा एक वर्ष पूर्व गुम हुई महिला को किया दस्तयाब

**कोतमा।** सूचनाकर्ता प्रेमलाल सिंह गोड़ पिता करेन सिंह गोड़ उम्र 28 साल नि. ग्राम चंगेरी थाना कोतमा का उपस्थित थाना आकर सूचना दिया कि मेरी पत्नी उम्र 23 वर्ष की दिनांक 18.05.2024 को घर से बिना बताये कहीं चली गई है। पता तलाश आस पास के क्षेत्र तथा नात रिस्तेदारी में किया जिसका कोई पता नही चला रिपोर्ट पर गुम इसांन क्र. 36/24 कायम कर जांच में लिया गया। जांच दौरान गुमशुदा निवासी ग्राम चंगेरी हाल पता सापड़, राजकोट (गुजरात) को दिनांक 03.04.2025 को ग्राम चंगेरी से दस्तयाब कर उसे परिजनो के सुपुर्द किया गया है। उक्त कार्यवाही में, सउनि गोविन्द प्रजापति, प्र.आर. 40 प्रदीप पाण्डेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मोहिनी जलाशय के नहर में किया गया साफ-सफाई का कार्य

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं।

# सरपंच, सचिव और उपयंत्री की मिलीभगत से 8 इंच की जगह बना दी 2 से 3 इंच की सीसी सड़क

## जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कंचनपुर का मामला

डिण्डौरी

जिले जनपद पंचायत समनापुर के ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत कंचनपुर में भ्रष्टाचार का एक नया मामला सामने आया है, जहां ग्राम पंचायत सरपंच जानकी बाई वनवासी,सचिव दान सिंह को न तो जांच की चिंता न ही कार्रवाई डर है, क्योंकि जिस सेक्टर उपयंत्री को निर्माण कार्य को गुणवत्ता पूर्ण करने की जिम्मेदारी दी गई है, वे ही भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे कर तय मापदंडों को ठेंगा दिखा रहे है।

### ये रहा पूरा मामला

दरअसल ग्राम पंचायत कंचनपुर में केंद्रीय सहायता राशि 15 वां वित्त आयोग की 6 लाख 13 हजार रू. की लागत से मुख्यमार्ग से तुलसी बनवासी के घर तक सीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है।





जहां सरपंच जानकी बाई बनवासी, सचिव दानसिंह और सेक्टर उपयंत्री राजेश उमरिया की सांठगांठ से सीसी सड़क मोटाई, गुणवत्ता में भारी गड़बड़ी की जा रही है। बता दें कि नवनिर्मित सीसी सड़क की मोटाई 8 इंच होने चाहिए लेकिन ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों के द्वारा 3 से 4 इंच में पूरी सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। जबकि 4 इंच 40mm गिट्टी की बेस और 4 इंच 20mm गिट्टी कंक्रीट से 8 इंच मोटी सड़क का निर्माण होना चाहिए था और मजे की बात यह कि जनपद पंचायत समनापुर के द्वारा जिस इंजीनियर को सीसी सड़क को गुणवत्ता पूर्ण निर्माण करने की जिम्मेदारी दी गई है वे सुध नहीं ले रहे है या कहे जानबूझ कर नजर अंदाज कर रहे है। जिसका पूरा लाभ ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव के द्वारा लिया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिससे सड़क जल्द ही क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से सीसी सड़क की गुणवत्ता में हुई गड़बड़ी की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### सरपंच—सचिव के विरुद्ध कार्रवाई की दरकार

ग्राम पंचायत कंचनपुर में अनियमितताओं के बावजूद उच्च अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण सरपंच और सचिव के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। विकास कार्यों में गड़बड़ी, सरकारी फंड के दुरुपयोग से लेकर ग्रामीणों ने कई बार शिकायतें दर्ज करवाई जाती है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अब देखना यह होगा कि खबर प्रकाशित होने के बाद जिम्मेदारों के द्वारा लापरवाही रखने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई की जाती है या फिर कार्रवाई खानापूर्ति तक ही सीमित रहेगा।

# नर्मदा तट स्थित त्यागी आश्रम में 9 दिन गूंजेगा रामनाम



**डिण्डौरी।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी किसलपुरी गाँव से केवलारी गाँव में नर्मदा तट स्थित त्यागी आश्रम में 9 दिवसीय अखंड श्री रामनाम कीर्तन का आयोजन किया जा रहा हैं। केवलारी सेवा आश्रम से जुड़े भक्तों ने जानकारी देते हुए बताया हैं कि यह आयोजन श्री रामनवमी एवं हनुमान जयंती के पावन अवसर पर आयोजित किया जा रहा हैं।जिसमें डिंडोरी सहित आसपास के जिलों के श्रद्धालु त्यागी आश्रम पहुँच कर धर्म लाभ लेते हैं। आयोजन के प्रारंभ की तारीख 5 अप्रैल बताई गई है जो 13 अप्रैल तक चलेंगी,इस दौरान अखंड राम नाम से पूरा केवलारी नर्मदा तट गुंजायमान रहेगा,चारों तरफ भक्ति भाव का माहौल दिखेगा,इस दौरान भण्डारा भी चलता रहेगा। जानकारी अनुसार 1 अप्रैल को इस वृहद आयोजन को लेकर बैठक भी की जा चुकी हैं जिसमें आश्रम से जुड़े सदस्यों ने कार्यक्रम की व्यवस्था,रूपरेखा,कामकाज से जुड़े विषयों पर चर्चा की ओर महत्वपूर्ण निर्णय लिए। इस नो दिवसीय अखंड श्री रामनाम कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुँचने का अनुमान हैं। इस दौरान संतो का भी समागम नर्मदा तट में देखने को मिलेगा जिनके दर्शन करने और आशीर्वाद लेने भक्त त्यागी सेवा आश्रम केवलारी पहुँचते हैं। त्यागी आश्रम से जुड़े भक्त सेवादारों ने जानकारी देते हुए बताया है कि डिंडोरी जिले के कई ग्रामों से रामधुन गाने के लिए मंडलियां आश्रम पहुँचेगी जिनके रुकने,प्रसाद की व्यवस्था सेवा आश्रम के द्वारा की गईं हैं। जिले के लोगों से सेवा आश्रम के सदस्यों ने अपील की हैं कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर धर्म लाभ उठाएं।,,., महान संत बालक दास, (त्यागी) महराज पिछले कई वर्षों से केवलारी गाँव मे नर्मदा किनारे आश्रम में रह रहे है, त्यागी आश्रम में विगत कई वर्षों से लगातार रोजाना कन्या भोजन व भंडरा सुचारू रूप से चल रहा है, ओर बालक दास (त्यागी) महराज जी द्वारा जनकल्याण हेतु, लगातार कठिन तप किया जा रहा है,

# पंचायत कार्यालय और एकीकृत माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया



**डिण्डौरी।** कलेक्टर ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत सुन्हादादर में पंचायत कार्यालय और एकीकृत माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत कार्यालय चल रहे शासकीय निर्माण एवं विकास कार्यों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पंचायत कार्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, दस्तावेजों के रख-रखाव और स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायत से संबंधित सभी दस्तावेजों को अद्यतन रखा जाए और आमजन को समय पर आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाएं। इसके पश्चात उन्होंने एकीकृत माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने छात्रों से बातचीत की और शिक्षण व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बजाग वैधनाथ वासनिक, सीईओ जनपद पंचायत बजाग एम.एल. धुर्वे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# धान का वजन कम करने व बारदाना में गड़बड़ी पाए जाने पर जिला प्रबंधक को नोटिस जारी

## कलेक्टर ने दिए निर्देश लापरवाही किसी भी स्तर पर नहीं की जाएगी बर्दाश्त



**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** कलेक्टर ने शुक्रवार को बजरंग वेयर हाउस गीधा का औचक निरीक्षण कर भंडारण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखी गई धान की बोरियों की तौल संबंधी जानकारी प्राप्त की और मौके पर ही कुछ बोरियों का वजन तौलवाया। तौल प्रक्रिया के दौरान बोरियों में रखे धान का वजन निर्धारित मानकों की तुलना में कम पाया गया और बरदाने में गड़बड़ी पाई गई, इस अनियमितता को कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए नागरिक आपूर्ति निगम जिला प्रबंधक राजपूत को कारण बताओ नोटिस जारी । साथ ही, उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया कि वे वेयरहाउस में संग्रहित सभी बोरियों का पुनः वजन करवाएं और सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बोरी में निर्धारित मात्रा में धान मौजूद हो। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसी लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर मारव्या ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि भंडारण की मात्रा में किसी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी सामने आने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी वेयर हाऊस प्रभारी भंडारण में दवाइयों का छिड़काव भी करें, जिससे खाद्यान्न भंडार में कीड़े ना लगें। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में संचालित समस्त वेयर हाउसों की नियमित रूप से जांच की जाएगी, ताकि भंडारण की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बजाग वैधनाथ वासनिक, आयुक्त सहकारिता सानू चैधरी, उप संचालक कृषि अभिलाषा चैरसिया, जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम अशोक सिंह राजपूत, प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी ए.के. श्रीवास्तव सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

**कलेक्टर ने खेत तालाबों का निरीक्षण कर हितग्राहियों से किया संवाद**

# खेत तालाब योजना किसानों के लिए बहुत उपयोगी है, सही तरीके से क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है



**डिण्डौरी।** कलेक्टर ने आज शुक्रवार को जनपद पंचायत बजाग के विभिन्न ग्रामों का दौरा कर खेत तालाबों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों एवं हितग्राहियों से सीधे संवाद स्थापित कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानी। उन्होंने ग्राम सुन्हादादर, सुनपुरी एवं उफरी में हितग्राही जय सिंह, रामसिंह पट्टा, बाला सिंह, सोनसिंह आर्मो, रमेश सिंह, राजेश कुमार सहित अन्य हितग्राहियों के खेत तालाबों का निरीक्षण कर संवाद किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मनरेगा एवं अन्य योजनाओं के तहत निर्मित खेत तालाबों की स्थिति देखी और उनकी उपयोगिता की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा करते हुए पूछा कि उन्हें योजना का लाभ मिल रहा है या नहीं। हितग्राहियों ने बताया कि खेत तालाबों से सिंचाई की सुविधा में सुधार हुआ है और इससे उनकी कृषि उत्पादकता में भी वृद्धि हुई है। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और समय-सीमा में कार्य पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि खेत तालाब योजना किसानों के लिए बहुत उपयोगी है, इसलिए इसका सही तरीके से क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बजाग श्री वैधनाथ वासनिक, सीईओ जनपद पंचायत बजाग एम.एल. धुर्वे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# लापरवाह सेल्समैनों को कारण बताओ नोटिस जारी



**डिण्डौरी।** एसडीएम भारती मेरावी ने ई-केवायसी कार्य में लापरवाही करने पर 43 सेल्समेनों को कारण बताओ नोटिस जारी की। जारी नोटिस में उल्लेखित है कि प्रति शासकीय उचित मूल्य की दुकान में न्यूनतम 20 ईकेवाईसी प्रतिदिन करने के निर्देश प्रसारित किये गए है, बावजूद इसके 04 अप्रैल 2025 को क्षेत्रीय कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के द्वारा एईपीडीएस पोर्टल पर प्राप्त रिपोर्ट के अवलोकन में जनपद डिंडौरी क्षेत्र की 43 शासकीय उचित मूल्य की दूकान में ई-केवायसी 80 प्रतिशत से कम है तथा 12 दुकानों में मोबाइल सीडिंग 90 प्रतिशत कम पाए जाने से कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के प्रतिवेदन पर एसडीएम डिंडौरी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर 05 दिवस में प्रगति चाही गई है। साथ ही यह भी निर्देश जारी किये गए हैं कि अगर ये सरकारी राशन की दुकानें यदि नियत समय पर निर्देशित प्रगति नहीं करेंगी अथवा उनके उत्तर अप्राप्त तथा समाधानकारक नहीं होने से एक पक्षीय कार्यवाही भी की जा सकेगी। जारी नोटिस में जनपद पंचायत डिंडौरी की दुकानें सरहरी, मडियारास, डांडबिछिया, कूड़ा, सिमरिया, 6.जोगीटिकरिया, विक्रमपुर, आनाखेडा, पडरियाकला, नेवसा, सारसताल, मुडकी, धनुवासागर,घानाघाट, जमगाव, सिलहरी, नारायणडीह, सारंगपुर, नारिया, रामगुढा, धुर्रा, चिचरिंगपुर, खम्हियामाल, भवरखंडी, कुई(परासी), पडरियामाल, चटुआ, बूढन, देवरा, सूबखार रैयत, धमनगाव, कैलवारा, गणेशपुर, राम्हेपुर, बसनिया, पाकरबर्घरा, मेरमाल, रकरिया, छिवली, सरई रैयत, सहजपुरी, उदरीमाल,खिरसारी, बघाड एवं दुधी मझौली है यदि निर्देशित समय तक यह दुकानें ई-केवायसी एवं मोबाइल सीडिंग शासन निर्देशानुसार नहीं करेगी तो जारी कारण बताओ नोटिस के अनुसार दूकान निलंबन अथवा संबंधित राशन दूकान की प्रतिभूति राशि राजसात की जा सकेगी। इसके साथ ही जिले के समस्त उपभोक्ता बंधु असुविधा से बचने के लिए आज ही बिना देरी किये अपनी समीपस्थ सहकारी संस्थाओंध्महिला समूहध्वन समितियोंध्उपभोक्ता भण्डारध विपणन संघ सहकारी समिति द्वारा संचालित उचित मूल्य की दुकान पर जाकर अपने परिवार का मोबाइल नम्बर एवं राशन पर्ची में दर्ज सभी सदस्यों की ई-केवायसी अविलम्ब करा लें, उपभोक्ता यह भी ध्यान दें सरकार द्वारा यह सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है।

# शासकीय स्नातक एवं आदर्श महाविद्यालय शहपुरा में जनजाति गौरव दिवस पर कार्यशाला संपन्न



**डिण्डौरी।** जनजाति गौरव दिवस के अंतर्गत स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति नायकों के योगदान विषय पर शासकीय स्नातक एवं आदर्श महाविद्यालय शहपुरा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सोहन सिंह अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के प्रांतीय अध्यक्ष के द्वारा अनेकों जनजातियों का स्वतंत्रता संग्राम में उनके भूमिका एवं योगदान का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया और भारतीय जनजातियों के रीति-रिवाज परंपरा एवं उनकी पंच न्याय व्यवस्था आधुनिक भारत के अनेकों समस्याओं का निराकरण करने में समर्थ एवं अनुकरणीय हैं अमर बलिदानी रानी दुर्गावती शंकर शाह, रघुनाथ शाह, भगवान बिरसा मुंडा,सिद्धू कानू मुर्मू,रणमत सिंह, वीर बुधु, भगत रघुनाथ सिंह मंडलोई, वीरांगना फूलों जानू मुर्मू महुआ फूल, भीमा नायक टंट्या भील आदि अनेक जनजातीय ने भारत की आजादी में शहीद हुए इतिहासकारों एवं लेखको ने भारत के इतिहास में उचित स्थान नहीं दिया है, डॉ विशाल ओम बन्ने शारीरिक शिक्षण विभाग रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर जो कि इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी भी हैं आपके द्वारा भी अनुसूचित जनजातियों के स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान की सराहना की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओमप्रकाश धुर्वे विधायक शहपुरा की गरिमामय उपस्थिति एवं विधायक महोदय के द्वारा भी जनजाति संस्कृति परंपरा और रीति-रिवाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा महाविद्यालय के छात्र -छात्रों द्वारा भगवान बिरसामुंडा, रानी दुर्गावती पर जीवंत नाटक का मंचन किया और इस कार्यक्रम के अध्यक्षता पंडित सतीश चौबे, जन भागीदारी समिति द्वारा संबोधन दिया गया शासकीय स्नातक एवं आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य अजय भूषण एवं स्वीटी यादव दोनों महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं छात्र -छात्रा ओ की उपस्थित रहे, कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर भगवत प्रसाद झारिया द्वारा संपन्न किया गया।

# अब सरकारी कार्यालयों में पेपरलेस होगी कार्यप्रणाली, डाक व्यवस्था समाप्त

हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी

प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, गति और दक्षता लाने के उद्देश्य से जिले में आज से ई-ऑफिस प्रणाली की औपचारिक शुरुआत कर दी गई। कलेक्टर की उपस्थिति में कार्यालय कलेक्टर में इस नवीन तकनीकी प्रणाली का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि सुशासन की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए सभी शासकीय कार्यों में आधुनिक तकनीकों का प्रयोग हो। ई-ऑफिस प्रणाली इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे सरकारी दफ्तरों की पारंपरिक कागजी कार्यप्रणाली को डिजिटल माध्यम से बदला जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली के लागू होने से अब शासकीय पत्राचार, फाइलों का प्रसंस्करण एवं अनुमोदन पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। इससे कार्यों में न केवल पारदर्शिता आएगी, बल्कि कार्य गति में भी तेजी आएगी। ई- ऑफिस प्रणाली के माध्यम से अब जिला कार्यालयों से डाक के माध्यम से भेजे जाने वाले पत्रों की आवश्यकता समाप्त हो गई है, और सभी पत्राचार ई-आफिस के माध्यम से संपन्न होंगे। इस दौरान जिला कोषालय एवं एनआईसी की फाइलों को ई-साइन कर प्रथम बार ई-ऑफिस प्रणाली में कार्य प्रारंभ किया गया। इस व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर को नोडल अधिकारी तथा एनआईसी डीआईओ श्री प्रशांत कौशिक को सदस्य सचिव नियुक्त किया है। कलेक्टर नेहा मारव्या ने जिले के सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी समय में समस्त पत्राचार एवं कार्यालयीन कार्यवाही केवल ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही की जाए। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी दुर्गेश नंदन हजारिया, एनआईसी डीआईओ श्री प्रशांत कौशिक एवं ई-दक्ष वरिष्ठ प्रशिक्षक दीपक चैबे भी उपस्थित थे।

# दो वर्ष से गुमशुदा बालिका का दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा अमरपुर पुलिस

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे गुम बालक/ बालिका की दस्तयाबी अभियान में अमरपुर पुलिस ने 2 वर्ष से गुमशुदा बालिका की दस्तयाबी की पुलिस अधीक्षक डिंडौरी वाहनी सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डिंडौरी डॉ. अमित वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी बजाग विवेक गौतम तथा थाना प्रभारी समनापुर के मार्गदर्शन में गुम बालक/ बालिका के दस्तयाबी अभियान में चौकी अमरपुर के अपराध क्रमांक 181/ 23 धारा 363 ताहि की अपहता बालिका कुमारी पिंकी मरकाम पिता जागेश्वर मरकाम उम्र 17 वर्ष निवासी अंधियारखोह चौकी अमरपुर जोकि 2 वर्ष से लापता थी। जिसे 4 अप्रैल शुक्रवार को ग्राम मोहगांव थाना समनापुर से दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा गया। दस्तयाब टीम में अमरपुर पुलिस चौकी प्रभारी स.उ.नि अतुल हरदहा, प्रधान आरक्षक गंगा राम यादव, आरक्षक उमेश मार्को की विशेष भूमिका रही।

# बच्चे भूखे पेट घर लौटने को मजबूर, ग्रामीणों में आक्रोश 15 दिनों से नहीं मिला भोजन



डिण्डौरी।

एकीकृत माध्यमिक शाला चांदरानी में पिछले 15 दिनों से मध्यान्ह भोजन नहीं मिलने की समस्या सामने आई है। प्रधान अध्यापक ने इस पर नाराजगी जताते हुए स्व-सहायता समूह के अध्यक्ष सचिव को शिकायत पत्र सौंपी। शिकायत में उल्लेख किया गया कि “मां दुर्गा स्व-सहायता समूह” द्वारा बिना किसी सूचना के मध्यान्ह भोजन बनाना बंद कर दिया गया है। प्रधान अध्यापक समिति ग्रामीणों का कहना है कि समूह के अध्यक्ष और सचिव को कई बार फोन करने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला, जिससे बच्चे भूखे पेट घर लौटने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने भी बच्चों को मध्यान्ह भोजन न मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या के समाधान की मांग की है, ताकि बच्चों को उनका अधिकार मिल सके।

## स्कूल चले हम कार्यक्रम शामिल हुए मंत्री श्री पटेल

# विद्यार्थी स्वयं को तपाकर जीवन में प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होता है: मंत्री श्री पटेल





### विद्यार्थियों को पुस्तकों का किया वितरण

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के कैलेंडर सत्र के अनुसार स्कूल अब जुलाई के बजाय अप्रैल में खुलने लगे हैं। गर्मी का यह समय जरूर है लेकिन विद्यार्थी के लिए यही तप का समय है जो आपको जीवन में प्रगति के पथ पर लेकर जाएगा। पहले के समय में बच्चे टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ाई करते थे, अब जो संसाधन स्कूलों में उपलब्ध है वह उस दौरान नहीं हुआ करते थे। समय के साथ बदलाव हुआ है। मंत्री श्री पटेल जिले के गोटेगांव विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खमरिया एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गोटेगाँव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### विद्यार्थियों ने पूछे सवाल

मंत्री श्री पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चै. जुगल सिंह पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने व अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य- पुस्तकों का वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, अन्य जनप्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार, अधिकारी- कर्मचारी, विद्यार्थी, अभिभावक व गणमान्य नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम में मंत्री श्री पटेल ने विद्यार्थियों से कहा कि जो मन में सवाल हो वह पूछे। कक्षा 12 वीं की छात्रा सोनम बर्मन ने मंत्री श्री पटेल से उनके मंत्री पद तक के सफर के बारे में पूछा तो वहीं छात्रा निशा लोधी ने बोलने में आत्मविश्वास कैसे लाए यह प्रश्न किया।

### देश का भविष्य है बच्चे

मंत्री श्री पटेल ने अपने विद्यार्थी जीवन से लेकर कॉलेज और इस दौरान राजनीति से उनके जुड़ाव को साझा किया। लीडरशिप केवल राजनीति में नहीं है, बल्कि नौकरी व व्यवसाय में भी होती है। अपने आपको बतौर लीडर तैयार करें। उन्होंने बताया कि व्यक्ति के जीवन में 15 वर्ष से 30 वर्ष की उम्र में किया संघर्ष और परिश्रम जीवन पर्यंत मेहनत के फल के रूप में मिलता है। क्या सही और क्या गलत है सब पता होता है। इसी उम्र में ऊर्जा सबसे ज्यादा होती है। अपनी इस ऊर्जा का इस्तेमाल अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए करें। विद्यार्थी अपने अभिभावकों और गुरुजनों की बात मानें। अगर आपको लगता है कि कुछ गलत है तो अपनी मर्यादा का ध्यान रखते हुए इसे बतायें। आप देश का भविष्य है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जीवन में कई उतार- चढ़ाव आते हैं, जो व्यक्ति को मजबूत करते हैं। ऐसे कठिन दौर में आपका संयमित होना जरूरी है। कक्षा 12 वीं की छात्रा निशा लोधी के सवाल का जवाब देते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ऐसा कई बार होता है जब किसी सवाल का जवाब पता होने पर भी जवाब देने की हिम्मत नहीं जुटा पाते। इसके लिए आपस में बात और वाद-विवाद में शामिल होना होगा। आप यह नहीं सोचे कि आपका उत्तर गलत हुआ तो क्या होगा। लगातार संवाद और प्रैक्टिस से बोलने का आत्मविश्वास उत्पन्न होता है। सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने भी इस पर अपने अनुभव साझा किए।

### रोचक नाटिका का हुआ मंचन

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गोटेगांव में विद्यार्थियों से संवाद में मंत्री श्री पटेल ने बताया कि इसी स्कूल में उन्होंने अपनी शिक्षा अर्जित की। यह स्कूल भवन चंदे की राशि जुटाकर तैयार किया गया था। एक सफल जीवन जीने के लिए व्यक्ति को यह आत्मसात करना चाहिए कि उसने जो चीजें किसी से ली है। वह उसे वापस लौटा रहा है या नहीं। यह लौटाने का गुण हम में होना चाहिए। छात्रा मुस्कान सिलावट द्वारा कबड्डी खेलने की इच्छा जाहिर करने पर मंत्री श्री पटेल ने स्टेडियम ग्राउंड शाम को 6 बजे से 7 बजे तक बच्चियों के लिए रिजर्व रखे जाने की बात कही। यहाँ स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा स्कूल चलें हम पर आधारित रोचक नाटिका का मंचन भी किया गया। मंत्री श्री पटेल और अन्य अतिथियों ने छात्रा हर्षिता ठाकुर को जिला मैथ्स ओलंपियाड में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित भी किया गया।


## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक ने किया व्यास पीठ का पूजन अर्चन



**तेंदूखेड़ा।** शक्ति साधना के महापर्व चैत्रीय नवरात्रि पर्व पर तेंदूखेड़ा सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में विविध धार्मिक आयोजन चल रहे हैं। समीपी ग्राम टेकापार में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान भागवत किंकर उपाधि से अलंकृत पं कृष्णकांत शास्त्री के मुखारविंद से भगवत लीलाओं का गुणानुवाद किया जा रहा है। इस मौके पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित पूर्व विधायक संजय शर्मा ने कथा श्रवण कर व्यास पीठ का पूजन करते हुए श्री राम मंदिर में पहुंच कर पूजन दर्शन लाभ लिया।

### सामूहिक जवारे की स्थापना



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** नगर के रेलवे गेट के पास उद्योग नगरी जय हनुमान दुर्गा मंडल में सामूहिक जवारे की स्थापना की गई है जिसकी 8 अप्रैल को भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो कि शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए सम्पन्न होगी आयोजन समिति द्वारा प्रतिदिन महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि रेलवे ब्रिज के पास शारदेय नवरात्र में मंडल द्वारा माता की भव्य झांकी बनाई गई थी जो पूरे प्रदेश मे चर्चा का विषय रही है। नगर वासियों से धर्म लाभ लेने की अपील की गई है।

### महेन्द्र केश शिल्पी बोर्ड प्रतिनिधि नियुक्त

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मध्य प्रदेश केश शिल्पी मंडल अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा नंदकिशोर वर्मा एवं सेन शक्ति महा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश्वर सेन, कार्यकारिणी अध्यक्ष दर्शन सेन की अनुशंसा पर श्री वर्मा द्वारा महेंद्र सराठे निवासी नरसिंहपुर को जिला पंचायत केश शिल्पी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। श्री सराठे की नियुक्ति पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो होगा आंदोलन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शुक्रवार को किसान मजदूर महासंघ द्वारा कृषि उपज मंडी में किसानों की बैठक संपन्न हुई । जिसमें संगठन विस्तार में जिले एवं तहसील में नए सदस्यों की नियुक्तियां जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह लोधी द्वारा की गई और जिले के किसानों की वाजिब मांगों और ज्वलंत समस्याओं को लेकर चर्चाएं हुई जिसमें गन्ना बकाया भुगतान, विद्युत विभाग एवं नहर विभाग की समस्याएं प्रमुख थी इन सभी समस्याओं को लेकर कलेक्टर महोदय के नाम 17 सूत्रीय ज्ञापन तैयार किया और सभी किसान कलेक्टेड कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा एवं समस्याओं से पुनः अवगत कराकर शीघ्र समस्याओं के समाधान की बात कही। ज्ञापन मे उल्लेख किया गया है कि एक सप्ताह पूर्व दिए गए ज्ञापन पर जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता न दिखाने ओर कोई कार्रवाई न करने पर महासंघ और किसानों ने अपना रोष व्यक्त किया और साथ ही किसानों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र जिला स्तरीय समस्याओं ओर मांगो का 3 दिवस में समाधान नहीं होता है तो सभी किसान किसान, महासंघ के साथ मिलकर 3 दिवस बाद जिला मुख्यालय पर विशाल ट्रैक्टर मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय में धरना प्रदर्शन जैसे बड़े गांधीवादी आंदोलन करने मजबूर होंगे। ज्ञापन देते समय प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिराज पटेल, संभाग उपाध्यक्ष कमल सिंह लोधी, जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह लोधी, जिला उपाध्यक्ष चैधरी महेंद्र सिंह लोधी, जिला प्रवक्ता राकेश पटेल, नरसिंहपुर तहसील अध्यक्ष विनोद सिंह गुमास्ता सहित बड़ी संख्या में संगठन के सदस्य गण एवं किसान उपस्थित रहे।

# विद्युत पेंशनरों की बैठक संपन्न



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** विगत दिवस झिरना पावर हाउस स्थित अधीक्षण यंत्री सर्कल मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के बैठक कक्ष में मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई। विद्युत पेंशनरों एवं कर्मचारियों की समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए अधीक्षण यंत्री अमित चौहान ने बताया कि इस वर्ष नरसिंहपुर सर्कल को न्यूनतम विद्युत दुर्घटना का पुरस्कार कंपनी द्वारा दिया गया है कुछ विद्युत दुर्घटना के प्रकरणों में बताया गया कि विद्युत विभाग व कर्मचारियों की गलती ना होने पर भी प्रशासन द्वारा विद्युत विभाग को दोषी ठहराकर दंडित किया जाता है जो कि अनुचित है। कर्मचारियों की कमी की समस्या प्रदेश स्तर की है फिर भी कर्मचारी एवं अन्य सुरक्षा सामग्री आदि के लिए कंपनी के उच्च अधिकारियों को लिखा जाएगा। बैठक में बीएस पटेल, जेके सोनी ,श्यामलाल रघुवंशी ,बी आर सिंह, अमर सिंह चैधरी, के के नामदेव, अरुण खरे आदि उपस्थित रहे। पेंशनरों एवं कर्मचारियों की अन्य समस्याओं के बारे में भी श्री चौहान ने पूर्ण सहानुभूति एवं सहयोग देने का आश्वासन संगठन को दिया। बैठक संचालन गणेश कुमार चतुर्वेदी एवं आभार प्रदर्शन कार्यालय के प्रभारी पीएस मेहरा द्वारा किया गया।

# 3 चोरी की घटनाओं को खुलासा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना कोतवाली पुलिस द्वारा नगर में हुई चोरी की तीन घटनाओं के आरोपियों को गिरफ्तार कर खुलासा किया गया। मिली जानकारी के अनुसार हरीश पिता हरिराम मेहरा उम्र 42 वर्ष निवासी साहू का बगीचा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नरसिंहपुर का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराई गई थी। जिसमें अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 264/2025 धारा 331 (2) 305 (ए) बी.एन.एस. का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध मे पुलिस ने डल्लू उर्फ डालचंद पिता चन्नू गौड़, उम्र 35 वर्ष, निवासी मुशरान वन महाजनी वार्ड, कन्हैया उर्फ माटू पिता राकेश ठाकुर, उम्र 18 वर्ष, निवासी गांधी चैक बी.जे.पी. कार्यालय के पीछे, थाना कोतवाली नरसिंहपुर, करन पिता शिवचरण काछी उम्र, 21 वर्ष, निवासी पानी की टंकी के पास, किसानी वार्ड, थाना कोतवाली जिला नरसिंहपुर एवं अन्य अपचारी दो बालकों की संलिप्त पाए जाने पर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर उनके कब्जे में लेकर पूछताछ की गई जिन्होने चोरी करना कबूल किया तथा अन्य अपराध क्रमांक 264/25 धारा 331 (2), 305 बीएनएस, अपराध क्रमांक 194/25, धारा 324 (4), 331 (4), 305 (1), 62 बीएनएस एवं न्यायालय परिसर में लगे एसी के तार चुराने के अपराध क्रमांक 629/2024, धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस की घटना कारित करना स्वीकार किया गया। आरोपियों से चोरी की सामग्री सहित नगदी बरामद की गई। उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।




## गांव एवं बस्ती चलो अभियान से जोड़े जायेंगे आमजन: पाठक



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता कर जिलाध्यक्ष पं. रामस्नेही पाठक द्वारा पत्रकारों को संबोधित करते हुये बताया कि पार्टी के बूथ स्तरीय 6 अनिवार्य कार्यक्रमों में से एक 6 अप्रेल स्थापना दिवस को प्रत्येक बूथ स्तर पर प्राथमिक सदस्यों के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाना है एवं अपने अपने घरो पर पार्टी का ध्वज फहराना है। इसके उपरांत 8 से 9 अप्रैल को मंडल एवं विधानसभा स्तर पर सक्रीय सदस्यों का सम्मेलन करना है इसके उपरांत 13 अप्रैल तक गांव एवं बस्ती चलो अभियान का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत स्कूल मंदिर एवं अस्पताल में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।उक्त अवसर पर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि उक्त पत्रकार वार्ता में जिला महामंत्री डॉ. हरगोविंद सिंह पटैल, जिला कोषाध्यक्ष नीलकमल जैन, सिंहपुर मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र जाट, नरसिंहपुर नगर मंडल अध्यक्ष अंशुल नेमा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शिक्षण संस्थान एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर में सांस्कृतिक एवं खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने हेतु पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि संदीप भूरिया, एएसपी ने छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में शैक्षणेत्तर गतिविधियों की महती भूमिका निरूपित करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम अध्यक्ष इंजी. अमित चौहान, अधीक्षण यंत्री एम.पी.ई.बी. ने विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के साथ खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की उपयोगिता पर बल दिया। इंजी. रुद्रेश तिवारी, चेयरमैन ने स्वागत उद्बोधन में बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में सफल व्यक्तियों से युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए उन्होंने छात्र-छात्राओं को सकारात्मक दृष्टिकोण हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. पराग नेमा एवं आभार प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गणमान्यजन ठा. आकाश सिंह, रितेश राय, उपप्राचार्य डॉ. एस.एन. राव सहित स्टॉफ मेम्बर्स एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से किया गया।

### ये हुए पुरस्कृत

खुशी जाट, दीया कुशवाहा तथा अनुज बरमैया को उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने हेतु एवं समीक्षा सोनी, भानूप्रिया विश्वकर्मा, साक्षी रजक, आर्या सोनी, महिमा रैकवार, संस्कृति पटवा, पूजा विश्वकर्मा, मुस्कान साहू, समीक्षा सोनी, भानुजा पटेल, प्रियंका साहू, महक कुरैशी, प्रतीक पांडे, दिया कुशवाहा, दीप्ति ठाकुर, जिया जोशी, शैली नामदेव, सुरभि रजक, मनोज गौड, हर्ष सेन, दिव्यांश यादव, अंकिता पटेल, देवराज श्रीवास, सोनिया सिलावट, रितिका यादव, राजीव कौरव, आयुष सिंह जाट, प्रहलाद दुबे, तुषार सूद, प्रांजल पटेल, नंदिनी राजपूत और वैष्णवी कहार को युवा उत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कृत किया गया।



### भंडारे के साथ श्री शिवमहापुराण कथा का समापन

**तेंदूखेड़ा।** देव श्री सोमेश्वर मंदिर परिसर हिरनपुर में श्रीवास्तव परिवार द्वारा संगीतमय श्री शिवमहापुराण एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया जो गत दिवस विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुई। प्रतिदिन सुबह 10बजे से दोपहर साढ़े ग्यारह बजे रुद्राभिषेक चला । दोपहर तीन बजे से शाम 6 बजे तक पंडित ब्रजेश शास्त्री जी महाराज के द्वारा संगीतमय श्री शिवमहापुराण कथा का वर्णन किया गया जिसमें। भगवान भोलेनाथ की महिमा और देवाधिदेव महादेव क्यों कहलाते हैं। भक्तों की रक्षा करने व्याधियां स्वयं अपने ऊपर झेल लेते हैं।जो कोई नहीं कर सकता वह स्वयं करते हैं। स्वयं मृत्युंजय भगवान है।काफी विस्तार से गुणानुवाद किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कथा एवं रुद्राभिषेक में भाग लिया।3 अप्रैल को भंडारा प्रसादी के साथ कथा का समापन हुआ।

## भगवान की अंतरंग लीला है रास - पं कृष्णांक मिश्रा



**तेंदूखेड़ा।** रास भगवान बांके बिहारी और उनकी निज स्वरूपभूता गोपियों व भगवान की आह्लादिनी शक्ति राधा रानी के साथ होने वाली नित्य लीला है। भगवान जिन भक्तों के ऊपर कृपा करते हैं उन्हें रास में प्रवेश मिलता है। उक्ताशय के उद्गार मां हरसिद्धि के परिसर में मिठया परिवार द्वारा आयोजित साप्ताहिक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास पंडित कृष्णांक मिश्रा ने व्यक्त किये ।भगवान का जन्म मथुरा में हुआ ब्रज में भगवान की विभिन्न प्रकार की बाल लीलाएं हुई । भगवान ने कंस का उद्धार किया और समुद्र के मध्य द्वारकापुरी बसाई। ब्राह्मण गौ माता देवताओं सन्तों और भक्तों को आनंद प्रदान करने के लिए भगवान का अवतार होता है। अधर्म और पापाचार बढ़ने पर भगवान धर्म की विधिवत स्थापना के लिए इस भूमण्डल पर अवतार लेते हैं। द्वारका में देवी रुक्मणी के साथ भगवान के विवाह का सुंदर आख्यान विस्तार पूर्वक कथा व्यास द्वारा सुनाया गया ।कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में दूर क्षेत्र से श्रद्धालु भक्तजन उपस्थित हो रहे हैं।

**आम सूचना**

भागवती बाई सेन पति अन्नीलाल सेन निवासी सांकल रोड नरसिंहपुर की स्थाई निवासी है। मेरी संपत्ति मौजा कंदेली नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत मुशरान वार्ड नरसिंहपुर में स्थित है। जिसे कि मेरे द्वारा श्रीमती आशा श्रीमाल से रजि. बैनामा के माध्यम से 10/03/2020 में क्रय की थी तथा क्रय की गई संपत्ति की लिंक डीड प्रदाय की गई थी जो प्रकाशचंद गुप्ता आ.स्व. श्री सरजू प्रसाद गुप्ता से क्रय की गई थी जिसके बैनामा का पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय नरसिंहपुर मे पुस्तक क्र. 107 जिल्द क्रमांक 2476 के पृष्ठ क्रमांक 193 देकर पंजीबद्ध है जिसका दस्तावेज नंबर 555 दिनांक 25/04/1995 है। उक्त संपत्ति की लिंक डीड कही गुम हो गई है जो काफी छानबीन करने पर भी नही मिल रही है। जिसकी आवश्यकता मुझे शासकीय व बैंक संबंधी कार्यो के लिए है जिसकी सूचना थाना कोतवाली मे दी जा चुकी है। यदि किसी व्यक्ति को मिली हो तो सात दिन के भीतर थाना कोतवाली में जमा कर सूचित करने का कष्ट करें।

**आवेदिका - भागवती बाई सेन**
**9424994949**